**Nai Dunia (Indore), 20th March 2020, *Nai Dunia Live*, Page-17**

# कोरोना वायरस के चलते आईआईटी ने विद्यार्थियों को घर जाने के लिए कहा



इंदौर। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) इंदौर ने कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए कुछ प्रक्रिया में बदलाव किए हैं। इसके तहत मिड सेमेस्टर को आगे बढ़ाया गया है। संस्थान में आने वाले व्यक्तियों की नियमित जांच की जा रही है। आईआईटी के अधिकारी कोरोना वायरस से बचाव के लिए नियमित समीक्षा बैठक कर रहे हैं। कैंपस और होस्टल में सभी विद्यार्थियों को मास्क और सैनिटाइजर उपलब्ध कराया गया है। बायोमेट्रिक सिस्टम को हटा दिया गया है। सभी विद्यार्थियों और स्टॉफ को सर्तक रहने और खुद की देखभाल करने के निर्देश जारी किए गए हैं। संस्थान की बैठक वीडियो कांफ्रेंस से ली जा रही है। आने वाले दिनों में आने वाली परेशानी को देखते हुए और माता-पिता की चिंता को देखते हुए विद्यार्थियों को घर जाने के लिए कहा है। इस दौरान संस्थान के प्रोफेसर्स विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम सामग्री और नोट्स उपलब्ध्ण कराएंगे। वीडियो कांफ्रेंसिंग सुविधा के माध्यम से भी संस्थान पढ़ाई कराने की तैयारी कर रहा है।